# हिन्दी प्रादेशिक समाचार

## आकाशवाणी चंडीगढ

तिथि 11 जून 2026 समय 18:10

मुख्य समाचार :-

==============================================

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नीति आयोग की 11वीं शासी परिषद की बैठक में केंद्र और राज्यों के बीच सहयोग, संवाद और विचारों के आदान-प्रदान पर बल दिया।

- सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आकाशवाणी और प्रसार भारती के अधिकारियों से समयानुसार परिवर्तन लाने के लिए योजना बनाने का आह्वान किया।

- कुरुक्षेत्र में बरसात से पहले अभी तक 80 प्रतिशत नालों की सफाई का काम मुकम्मल हुआ।

- फरीदाबाद पुलिस ने एक मुठभेड़ के बाद एक हिस्ट्रीशीटर को एक पिस्तौल सहित गिरफ्तार किया।

- आज हरियाणा के उत्तरी ज़िलों में बूंदाबादी और हल्की बारिश दर्ज की गई, रात को पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक प्रभाव के कारण पश्चिमी और दक्षिणी हरियाणा में भी बारिश होने की संभावना है।

==================================================

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भले ही दुनिया अनिश्चितता और अस्थिरता के दौर से गुजर रही हो लेकिन भारत, आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प के साथ विकास पथ पर अग्रसर है। नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में नीति आयोग की 11वीं शासी परिषद की बैठक की अध्यक्षता करते हुए श्री मोदी ने कहा कि जैसे-जैसे भारत विकसित भारत के लक्ष्य की ओर अग्रसर हो रहा है, ऐसे में केंद्र और राज्य सरकारों की सामूहिक जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। श्री मोदी ने कहा कि राज्यों के बीच सहयोग, संवाद और विचारों का आदान-प्रदान होना चाहिए। उन्होंने कहा कि नीति आयोग इसमें सहयोग के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। ताकि सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के बीच विचारों का समुचित आदान-प्रदान हो सके और विकसित भारत के लक्ष्य की दिशा में सामूहिक प्रयासों को बल मिले।

श्री मोदी ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, कौशल विकास और युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना प्राथमिकता बनी रहनी चाहिए। श्री मोदी ने कहा कि सशक्त युवा ही विकसित भारत की यात्रा में प्रेरक शक्ति होंगे। उन्होंने कहा कि भारत ने

विकास और निर्यात के नए अवसर पैदा करने के लिए कई देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते किए हैं। इन समझौतों से, लघु और मध्यम उद्यमों के लिए भी महत्वपूर्ण अवसर उपलब्ध हो रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि महिला नेतृत्व आधारित विकास, विकसित भारत की परिकल्पना का आधार है। उन्होंने कहा कि कृषि और स्टार्टअप से लेकर विज्ञान और नवाचार तक, नारी शक्ति सभी क्षेत्रों में योगदान दे रही है। श्री मोदी ने कहा कि राज्यों को महिलाओं की शिक्षा, कौशल विकास, सुरक्षा और सशक्तिकरण को प्राथमिकता देनी चाहिए।

बैठक में देश भर में उद्यमिता और कौशल विकास को बढ़ावा देने तथा रोजगार के स्थाई अवसर सृजित करने के उपायों पर विचार-विमर्श किया गया। इस वर्ष की बैठक का विषय है, 2047 तक विकसित भारत के लिए समावेशी मानव विकास था। बैठक में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों , राज्यपालों और उप राज्यपालों ने भाग लिया।

=========================================

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सामरिक अवसंरचना पर ध्यान केंद्रित करते हुए आकाशवाणी और दूरदर्शन से सीमावर्ती क्षेत्रों में संचार व्यवस्था को मजबूत करने पर बल दिया है। वे जयपुर में आकाशवाणी परिसर में आयोजित कार्यक्रम में राजस्थान के रामगढ़ में 20 किलोवॉट के एफएम ट्रांसमीटर का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन करने के अवसर पर बोल रहे थे।

इस कार्यक्रम में जयपुर की सांसद मंजू शर्मा, प्रसार भारती के अध्यक्ष प्रसून जोशी और आकाशवाणी के महानिदेशक राजीव कुमार जैन सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

श्री वैष्णव ने आकाशवाणी में समयानुसार परिवर्तन लाने के लिए योजना बनाने का आह्वान किया।

(मैं निवेदन करूंगा आकाशवाणी के सभी साथियों से और विशेषकर डीजी साहब से, राजीव जी से और हमारे प्रसार भारती के चेयरमैन श्री प्रसून जोशी जी से। कि अब हम एक नए तरीके से सोचे आकाशवाणी के बारे में। हम आज के समय के हिसाब से आकाशवाणी को डिजिटल फर्स्ट और हाईपर लोकल इन दो सूत्रों में बांधें। जो भी डिजिटल प्लेटफॉर्म हमारे आज अवेलेबल हैं अपना खुद का वेव्स ओटीटी है उस प्लेटफॉर्म को यूज करें। लोकल आर्ट, लोकल संस्कृति, लोकल खानपान को आगे लाने का ये बहुत बड़ा प्लेटफॉर्म बनाएं अगले एक हजार दिनों में एक मास्टर प्लान बना के आकाशवाणी और दूरदर्शन का पूरा ट्रांसफॉर्मेशन करें।

आपको पूरा फ्रीडम है, जो आप कहोगे वो पॉलिसी बनेगी। पॉलिसी बनाने वाले आप, इम्पलीमेंट करने वाले आप)

=======================================

हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने आज कुरुक्षेत्र में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर बरसात के मौसम के लिए तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वर्षा शुरू होने से पहले सभी नालों और ड्रेनों की सफाई का कार्य पूरा कर लिया जाए, ताकि लोगों को जलभराव जैसी समस्याओं का सामना न करना पड़े। उन्होंने संबंधित विभागों से साफ-सफाई व्यवस्था और चल रहे कार्यों की जानकारी भी ली।

श्री सुभाष सुधा ने मीडिया को बताया कि 80 प्रतिशत नालों की सफाई हो चुकी है।

उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश में पहली बार बाढ़ और जल निकासी प्रबंधन की निगरानी के लिए एक विशेष पोर्टल विकसित किया गया है। इस पोर्टल पर सफाई कार्य से जुड़े सभी विभाग अपनी गतिविधियों और प्रगति की जानकारी अपलोड कर रहे हैं।उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री के समक्ष जनस्वास्थ्य विभाग के लिए आधुनिक मशीनरी की मांग रखी गई थी, जिसे स्वीकार कर लिया गया है। जल्द ही कुरुक्षेत्र के लिए लगभग तीन करोड़ रुपये की लागत से सुपर सकर मशीन तथा 40 से 50 लाख रुपये की लागत वाली सीवर जैकिंग मशीन खरीदी जाएगी।

=======================================

फरीदाबाद पुलिस की सेक्टर-85 और केन्द्रीय अपराध शाखा की संयुक्त टीम ने आज अल सुबह मुठभेड़ के बाद एक हिस्ट्रीशीटर अपराधी को गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपी की पहचान बिहार में सीतामढ़ी सोनू उर्फ भिखारी शाह के तौर पर हुई है जो  वर्तमान में दिल्ली के संगम विहार में रह रहा है।

सहायक  पुलिस आयुक्त वरुण कुमार दहिया ने मीडिया को बताया कि अपराध शाखा ने एक सूचना के आधार पर आईएमटी-मच्छगर सड़क पर नाकाबंदी कर उसे काबू किया। गिरफ़्तारी से पहले आरोपी ने पुलिस पर चार राउंड गोलीबारी की। आरोपी की एक गोली उपनीरीक्षक दीपक लोहान की बुलेटप्रूफ जैकेट पर लगी, आत्मरक्षा में पुलिस ने द्वार चलाई गोली उसके पैर में लगी और उसे काबू कर लिया गया।

श्री दहिया ने बताया कि आरोपी के कब्जे से 32 बोर का पिस्तौल,  मोबाइल फोन, आधार कार्ड, नकदी तथा एक मोटरसाइकिल बरामद हुई है।

=======================================

आज हरियाणा के उत्तरी जिलों में बूंदाबांदी और हल्की बारिश रिकॉर्ड की गई है। हिसार के चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉक्टर मदनलाल खिचड़ ने बताया कि पश्चिमी और दक्षिणी हरियाणा में भी आज धूल भरी हवाएं चल रही हैं। रात को पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक प्रभाव के कारण बारिश होने की संभावना है।

डॉ मदन लाल खिचड़ ने कहा कि इस बारिश से नमी संचित हो सकती है जो धान की रोपाई के लिए फायदेमंद रहेगी।

मानसून को लेकर उन्होंने कहा कि मानसून अभी कर्नाटक व महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों में पहुंचा है। अभी मानसून की गति ठीक है, अगर ऐसे ही रहता है तो 20 जून के आसपास मानसून पूर्व वर्षा हो सकती है। हरियाणा में मानसून जून के अंतिम दिनों में यान जुलाई के प्रथम सप्ताह तक पहुँच सकता है।

==============================

हरियाणा के विद्यालयों की कक्षा 8वीं के इतिहास पाठ्यक्रम में सिख गुरुओं व बाबा बन्दा सिंह बहादुर से जुड़े इतिहास को शामिल किया है। अब स्कूली बच्चे सिख गुरुओं के साथ–साथ बाबा बन्दा सिंह बहादुर जी के त्याग, बलिदान और आदर्शों से रूबरू होंगे।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हरियाणा में मनाए गए गुरु तेगबहादुर जी के 350वें शहीदी समागम के अवसर पर घोषणा की थी कि आने वाली पीढ़ियों को सिख इतिहास, गुरुओं के आदर्शों और उनके महान बलिदानों से परिचित कराने के लिए इन्हें शिक्षा का हिस्सा बनाया जाएगा।

================================

पंचकुला के नगर निगम आयुक्त विनय कुमार ने आज संपत्ति कर संग्रहण में तेजी लाने, बकायेदारों की पहचान कर उन्हें नियमानुसार नोटिस जारी करने तथा बकाया राशि की प्रभावी वसूली सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने यह निर्देश संपत्ति कर वसूली की प्रगति की समीक्षा हेतु अधिकारियों की ली गई बैठक में दिए।

=====================================================

हरियाणा के विद्यालयों की कक्षा 8वीं के इतिहास पाठ्यक्रम में सिख गुरुओं व बाबा बन्दा सिंह बहादुर से जुड़े इतिहास को शामिल किया है। अब स्कूली बच्चे सिख गुरुओं के साथ–साथ बाबा बन्दा सिंह बहादुर जी के त्याग, बलिदान और आदर्शों से रूबरू होंगे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हरियाणा में मनाए गए गुरु तेगबहादुर जी के 350वें शहीदी समागम के अवसर पर घोषणा की थी कि आने वाली पीढ़ियों को सिख इतिहास, गुरुओं के आदर्शों और उनके महान बलिदानों से परिचित कराने के लिए इन्हें शिक्षा का हिस्सा बनाया जाएगा।